नाम रटे जो श्री राधा भजन लिरिक्स

जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा,
मिल जाए मोहन,
और वृन्दावन,
भक्ति बढ़ाए अगाधा,
जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा।bd।

श्री राधा नाम सहाई सदा,
रहे अंग संग तेरे कन्हाई सदा,
मन हो के मगन,
तू लगा ले लगन,
तेरे साधन हो जाए साधा,
जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा।bd।

श्री राधा नाम की महिना,
तीनों लोको में फैली गरिमा,
कण कण जन जन,
पशु पक्षी गण,
तीनों लोको ने तुझको अराधा,
जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा।bd।

श्री राधा राधा जो भी रटे,
वा के पाप ताप संताप कटे,
ना रहे लटकन,
मिटती भटकन,
जिसने चित चरणों में बांधा,
जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा।bd।

जो राधा नाम का पागल बना,
श्यामाजू के चरणों की पायल बना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रहकर दासी,
बने ब्रजवासी,
'गोपाली' का है ये वादा,
Bhajan Diary Lyrics,
जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा।bd।

जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा,
मिल जाए मोहन,
और वृन्दावन,
भक्ति बढ़ाए अगाधा,
जन्मो की कट बाधा,
नाम रटे जो श्री राधा।bd।

Singer – Shri Dhanvantari Das Ji Maharaj

---

https://youtu.be/ZKUes9ZTJLI

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com